# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–27 अक्टूबर 2024** **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सुबह देशवासियों के साथ मन की बात में अपने विचार साझा किया । उन्होंने डिजिटल अरेस्ट के बारे चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कानूनन किसी को भी डिजिटली अरेस्ट नहीं किया जा सकता है। डिजिटल अरेस्ट के नाम पर की जा रही धोखाधडी को रोकने के लिए सभी जांच एजेंसियां मिलकर काम कर रही हैं।

प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान एक पीड़ित और एक जालसाज के बीच हुई बातचीत को भी सुनाया और लोगों से अपील की कि वे ऐसे फर्जी कॉल आने पर भयभीत न हों। प्रधानमंत्री ने डिजिटल सुरक्षा के लिए तीन उपायों **रुको, सोचो और एक्शन लो** के बारे में चर्चा की।

प्रधानमंत्री ने श्रोताओं से नवाचार और आत्मनिर्भर भारत संबंधी उदाहरण सोशल मीडिया पर साझा करने की अपील की। उन्होंने त्योहारों के इस मौसम में खरीदारी करते समय वोकल फॉर लोकल के मंत्र को ध्यान में रखने की अपील की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष दो महान नायकों–सरदार पटेल और भगवान बिरसा मुंडा की एक सौ पचासवीं जयंती है। सरदार पटेल की एक सौ पचासवीं जंयती इक्तीस अक्टूबर को है, जबकि भगवान बिरसा मुंडा की एक सौ पचासवीं जयंती पंद्रह नवम्बर को मनायी जाएगी।

श्री मोदी ने कहा कि इक्तीस अक्टूबर को दीपावली होने के कारण सरदार पटेल की जयंती पर होने वाली रन फॉर यूनिटी इस वर्ष उन्तीस अक्तूबर को आयोजित होगी। उन्होंने इस अवसर पर लोगों से अधिक संख्या में भाग लेने का अनुरोध किया। श्री मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में धनतेरस, दिवाली, छठ पूजा और गुरूनानक जयंती की शुभकामनाएं दीं।

**********

वाराणसी, प्रयागराज और गोरखपुर समेत प्रदेश के विभिन्न जिलों में लोगों ने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना । प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मन की बात पर अपने सोशल मीडिया एकाउंट के जरिये प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल और भगवान विरसा मुंडा की एक सौ पचासवीं जयंती को राष्ट्रीय स्तर पर मनाने का प्रधानमंत्री का उद्‌घोष **एक भारत श्रेष्ठ भारत** की संकल्पना को और मजबूती प्रदान करने वाला तथा **अनेकता में एकता** और **विरासत से विकास** के जन उत्सव में सहभागी बनाने वाला है।

**********

भारत अंतरिक्ष में वर्ष दो हजार पैंतीस तक अपना अंतरिक्ष केन्द्र स्थापित करेगा । इसे भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन के नाम से जाना जाएगा। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कल नई दिल्ली में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन – इसरो और जैव प्रौद्योगिकी विभाग के बीच एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर के दौरान यह जानकारी दी।

**********

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज वाराणसी के सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्विद्यालय से संस्कृत छात्रवृत्ति योजना की शुरूआत की। इस योजना के तहत प्रदेश के उनहत्तर हजार एक सौ पच्चीस छात्रों को पांच सौ छियासी लाख रुपए वितरित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने संस्कृत के कई विद्यार्थियों को अपने हाथों छात्रवृत्ति का प्रतीकात्मक चेक प्रदान किया। इस मौके पर उन्होंने घोषणा की कि जो लोग भी संस्कृत में विशिष्ट शोध की थीसिस लिखेंगे और अच्छा कार्य करेंगे, उन सभी आचार्यों और छात्रों को स्कॉलरशिप देने की घोषणा करने की योजना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भविष्य में संस्कृत विद्यालयों में उन्हीं संस्थानों को मदद दी जाएगी, जो निःशुल्क हॉस्टल और भोजन की सुविधा छात्रों को उपलब्ध कराएंगे।

मुख्यमंत्री ने बाबा विश्वनाथ और श्री काल भैरव का दर्शन पूजन भी किया। उन्होंने वाराणसी के हरहुआ में स्थापित इक्यावन फीट ऊंची हनुमान जी की प्रतिमा का अनावरण भी किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने आज सुबह गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन कार्यक्रम में करीब तीन सौ लोगों को समस्याएं सुनीं।

**********

अयोध्या में भव्य दीपोत्सव कल से शुरु होगा। इसके लिए सजावट और रंग रोगन के साथ ही राम की पैड़ी पर दिये बिछाने का कार्य शुरू हो गया है । स्वयंसेवकों द्वारा अलग अलग आकृतियों में दीये बिछाए जा रहे हैं। श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के बाद होने वाले इस पहले दीपोत्सव में करीब पच्चीस लाख दीप जलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए अट्ठाइस लाख दीप बिछाए जाएंगे।

**********

मऊ जिले के राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोर से कल शाम फरार हुए आठ बच्चों में से छह बच्चों को बरामद कर लिया गया है। वहां के नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि ये बच्चे किचेन के रास्ते फरार हुए थे।

**********

प्रदेश में आज हुई अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में चार लोगों को मौत हो गई, जबकि एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गये। फर्रुखाबाद जिले में थाना राजेपुर क्षेत्र के इटावा बरेली नेशनल हाईवे स्थित जमापुर मोड़ के पास आज एक पिक में ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में पिक अप चालक समेत दो लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब पंद्रह लोग घायल हो गये। वहीं कानपुर जिले के विधनू थानाक्षेत्र में माधवबाग रमईपुर के पास आज एक ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई।

**********